LATEST NEWS
+91-9878-55-2070
# आज तक आमने सामने
24-30 December-2024
RNI No-Punhin2013/54688 HINDI ,PUNJABI & ENGLISH
पढ़े India हर खबर सच के साथ
Year 2024 /Editor-Sk.Saxena /Email-aajtakaamnesaamne.in@gmail.con/ MOB-8146107666

# किसान संगठनों के अह्वान पर पंजाब बंद का कई जिलों में व्यापक असर

## रेल व सड़क यातायात प्रभावित, दूध, फल, और सब्जियों की आपूर्ति भी बाधित

चंडीगढ़, पंजाब में किसान संगठनों ने आज पंजाब बंद का आह्वान किया है। कई जिलों में इसका व्यापक असर दिख रहा है। किसान संगठनों के प्रतिनिधि सुबह से ही सड़कों पर आ गए और बाजार खुलने नहीं दिए। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से जारी हैं।

किसान संघों द्वारा आज सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कों और रेल पटरियों पर चक्का जाम का आह्वान किया गया था। ऐहतिहातन रेलवे ने पंजाब आने–जाने वाली लगभग सभी ट्रेनें रद कर दी हैं।

धारेरी जट्टन टोल प्लाजा में किसानों के धरने से पटियाला–चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अमृतसर के गोल्डन गेट पर किसान एकत्र होने लगे, जबकि बठिंडा के रामपुरा फूल में उन्होंने सड़कें अवरुद्ध कर दीं।

बंद के दौरान दूध, फल, और सब्जियों की आपूर्ति भी रुक जाएगी क्योंकि कई व्यापारिक संगठनों ने इस आंदोलन का समर्थन किया है।

**बंद का आयोजन और समर्थन**

'पंजाब बंद' का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर–राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने किया है। सरवन सिंह पंधेर, जो दोनों मंचों के संयोजक हैं, ने बताया कि व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, कर्मचारी संघों, टोल प्लाजा कर्मियों, मजदूरों, पूर्व सैनिकों, सरपंचों, शिक्षकों और अन्य सामाजिक संगठनों ने बंद को समर्थन दिया है।

**लंबे समय से जारी आंदोलन**

किसान 13 फरवरी से शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हुए हैं, जब दिल्ली की ओर मार्च को सुरक्षा बलों ने रोक दिया था।



किसान नेता जगजीत सिंह डाल्लेवाल का अनशन आज 34वें दिन में प्रवेश कर गया है।

**बस सेवाएं भी प्रभावित–** पंजाब में सरकारी और निजी बस सेवाएं बंद रहेंगी। पीआरटीसी बस सेवा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निलंबित रहेगी, जबकि निजी बस ऑपरेटरों ने सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक अपनी सेवाएं रोकने का ऐलान किया है। किसान आंदोलन के बीच कई किसान संगठनों (किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा) ने 30, दिसम्बर सोमवार को पंजाब बंद के आह्वान को देखते हुए बठिंडा शहर में भी बंद का असर देखने को मिला। अमृतसर, गंगानगर, फाजिल्का को जाने वाले हाईवे पर कन्हैया चौक स्थित जाम कर दिए गए। यहां सब्जी मंडी, धोबी बाजार, सिरकी बाजार, माल रोड़ और प्रमुख बाजार बंद हैं। इसके साथ ही सरकारी बसें सड़कों पर नहीं चलने के कारण बस अड्डों पर खड़ी बसों के कारण यात्रियों की भारी भीड़ देखी गयी। किसानों द्वारा सड़कें जाम कर दी गई हैं। बठिंडा में किसान यूनियन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आज सोमवार को पंजाब बंद के विरोध में बठिंडा शहर की सड़कों पर एक मार्च निकाला और शहरवासियों से सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक दुकानें बंद रखने का आग्रह किया।

## संगरूर में सड़कों और रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान

अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में किसानों ने आज सोमवार को पंजाब बंद के बुलावे पर संगरूर, मालेरकोटला, मानसा और पटियाला जिलों पुर्ण बंद रहा। सभी व्योपारक कारोबार बंद रहे। सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में काम काज ठप्प रहे। सड़के और रेलवे यातायात भी बंद रहा। इस बंद के कारण आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ी चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं, शादियों वाले वाहनों, जरूरी साक्षात्कार के लिए जाने वाले लोगों या विदेश जाने के लिए हवाईअड्डे जाने वाले वाहनों को बंद से छूट दी गई थी। यहां सब्जी मंडी, और प्रमुख बाजार बंद रहे। इसके साथ ही सरकारी बसें सड़कों पर नहीं चलने के कारण बस अड्डों पर खड़ी बसों के कारण यात्रियों की भारी भीड़ देखी गयी। किसानों द्वारा सड़कें जाम कर दी गई हैं। इस के इलावा लुधियाना– हिसार रेलवे ट्रैक आधी दरजन गाड़ियां प्रभावित हुई। किसानों और मजदूरों द्वारा जगह–जगह नाकेबंदी कर दी गई है।

## इथियोपिया में भीषण सड़क हादसा, 60 लोगों की मौत

इथियोपिया के सिदामा क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना रविवार को बोना जिले में उस समय हुई जब यात्रियों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। क्षेत्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जारी बयान के अनुसार, दुर्घटना में बचे लोग बोना जनरल अस्पताल में उपचाराधीन हैं। हालांकि, घायल यात्रियों की संख्या और उनकी स्थिति के बारे में अभी तक कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। राज्य द्वारा संचालित इथियोपियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (ईबीसी) ने बताया कि दुर्घटना के समय यात्री एक शादी समारोह में जा रहे थे। यह हादसा रविवार को हुआ। इथियोपिया में घातक सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। खराब ड्राइविंग मानकों और वाहनों के रखरखाव की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बार–बार होती हैं। 2018 में, इथियोपिया के पर्वतीय उत्तरी क्षेत्र में एक बस के खाई में गिरने से 38 छात्रों सहित कई लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना की खबर से पूरे देश में शोक की लहर है। स्थानीय अधिकारियों ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं और सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## भाजपा का 'डबल इंजन' युवाओं पर 'डबल अत्याचार' का प्रतीक बना– प्रियंका गांधी

### कहा– भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा

नयी दिल्ली, 30 दिसंबर (भाषा)–कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग को लेकर कड़ी आलोचना की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार को युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बताया।

बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है।



13 दिसंबर को हुई बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना में प्रदर्शन कर रहे युवाओं को तितर–बितर करने के लिए रविवार को पुलिस ने पानी की बौछार और हल्के बल का प्रयोग किया। इसके साथ ही जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी के अध्यक्ष समेत 600–700 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कया गया है।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ज्ञ) पर लिखा, 卐बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार धांधली और पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है।

उन्होंने कहा, इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठीचार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का 'डबल इंजन' युवाओं पर 'डबल अत्याचार' का प्रतीक बन गया है। प्रियंका गांधी ने परीक्षा में धांधली और भ्रष्टाचार रोकने में सरकार की विफलता को आड़े हाथों लेते हुए इसे युवाओं के अधिकारों का हनन करार दिया।



## अमन अरोड़ा ने माता गुजरी जी एवं छोटे साहिबजादों की बेमिसाल शहादत को नमन किया

### अमन अरोड़ा, साथी कैबिनेट मंत्रियों के साथ गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में हुए नतमस्तक

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़/श्री फतेहगढ़ साहिब, 27 दिसंबर– पंजाब के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने आज शहीदी सभा के समापन अवसर पर गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में मत्था टेका। उन्होंने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की माता गुजरी जी और छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की महान और बेमिसाल शहादत को याद किया।

## आप का नया वादा

## पुजारी व ग्रंथियों को 18 हजार रुपये मासिक भत्ता देने की घोषणा

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (क्क) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले 'पुजारी–ग्रंथि सम्मान योजना' लांच करने की घोषणा की है।

इस योजना के तहत, हिंदू मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा, 卐पुजारी और ग्रंथी हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। देश में पहली बार ऐसा कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिसमें उन्हें आर्थिक सहायता दी जाएगी।卐 उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी।

योजना के प्रचार और पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल मंगलवार को दिल्ली के प्रसिद्ध कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर का दौरा करेंगे।

आम आदमी पार्टी के जीतने पर दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18,000 प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी।



ये योजना समाज में उनके आध्यात्मिक योगदान और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के उनके प्रयासों का सम्मान है। यह ऐलान दिल्ली में चौथी बार सत्ता बरकरार रखने की कोशिशों का हिस्सा माना जा रहा है। पार्टी का यह कदम धार्मिक समुदायों के साथ संबंध मजबूत करने और उन्हें पार्टी के पक्ष में लाने की रणनीति का हिस्सा है।



# सी.आर.पी.एफ कैम्प कादरपुर में रोजगार मेला का आयोजन

एस. के. सक्सैना



देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के केन्द्र सरकार के संकल्प और इस महायज्ञ को आगे ब?ाते हुए सी.आर.पी.एफ कैम्प कादरपुर में रोजगार मेला के 14वें संस्करण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कुल 75 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राव इंद्रजीत सिंह, केन्द्रीय सांख्यिकी तथा योजना मामलों के राज्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उनके द्वारा इस अवसर पर बोला गया कि केन्द्र सरकार देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है और आज का यह कार्यक्रम उसी प्रतिबद्धता को पूरा करने का प्रयास है। देश का युवा विभिन्न रोजगार को प्राप्त कर समाज और राष्ट्र की उन्नति में सहभागिता करे, यही सरकार का ध्येय और नीति रही है। आज के इस रोजगार मेला के अंतर्गत देश के कुल 45 केन्द्रों में ऐसा आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 71 हजार से अधिक उम्मीद्वारों को नियुक्ति पत्र बाँटे जा रहे हैं। हम आशा करते हैं कि यह रोजगार मेला सिर्फ रोजगार तक सीमित नहीं होगा, बल्कि इससे कई परिवारों की उन्नति होगी और साथ ही समाज की प्रगति भी संभव होगी।

# पंजाब के बागवानी क्षेत्र ने 2024 में नई ऊंचाइयों को छुआ

**कोकून की कीमत 550 रुपए से बढ़कर 1,250 रुपए प्रति किलोग्राम हुई, किसानों की आय में वृद्धि**

**राज्य सरकार का फसली विविधता पर विशेष ध्यान, बागवानी के तहत क्षेत्रफल 4,39,210 से बढ़कर 4,81,616 हेक्टेयर हुआ**



**पंजाब ने कृषि आधारभूत संरचना विकास के लिए पहला स्थान प्राप्त किया, 19,408 परियोजनाओं और 4,478 करोड़ रुपए की ए आई एफ अधीन स्वीकृति**

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 29 दिसंबर– मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार राज्य में बागवानी क्षेत्र के विस्तार और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत की अगुवाई में बागवानी विभाग किसानों को फसली विविधता अपनाने के लिए पूरी सहायता प्रदान कर रहा है, और 2024 में विभाग ने बागवानी के विकास के लिए कई पहलें की हैं।



# डॉ. बलबीर सिंह द्वारा सिविल सर्जनों को सरकारी अस्पतालों में सभी जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**नर्सिंग छात्रों को रक्तचाप, एच.बी. स्तर की जांच और आंखों की जांच करने संबंधी प्रशिक्षण दिया जाए–स्वास्थ्य मंत्री**

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 23 दिसंबर– पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने राज्य के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी सिविल सर्जनों को निर्देश दिए हैं कि वे सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि इलाज के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# शिक्षा और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बेटियों को सम्मानित किया

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत एक विशेष समारोह आयोजित**

एस. के. सक्सैना




**बेटियों ने अपनी मेहनत और क्षमता से हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई–डिप्टी कमिश्नर**

दीनानगर/गुरदासपुर, 24 दिसंबर – पंजाब सरकार के दिशा–निर्देशों के तहत जिला प्रशासन गुरदासपुर द्वारा चलायी जा रही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ卐 मुहिम के अंतर्गत आज सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एस.एस.एम. कॉलेज, दीना नगर में एक विशेष समारोह आयोजित कर जिले की मेहनती बेटियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता डिप्टी कमिश्नर श्री उमा शंकर गुप्ता ने की जबकि विशेष अतिथि के रूप में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) स हरजिंदर सिंह और एस.डी.एम. दीनानगर स जसपिंदर सिंह शामिल हुए।

# ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल एवं बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने में पंजाब रहा आगे-मुंडियां

**हर ग्रामीण घर को पाइप के जरिए जल आपूर्ति देने वाला देश का पांचवां राज्य बना पंजाब**

**सभी गांवों ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत खुले में शौच मुक्त दर्जा प्राप्त किया**

चंडीगढ़, 25 दिसंबर– मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्यवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता के तहत, जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग ने वर्ष 2024 में ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने में उल्लेखनीय लक्ष्य हासिल किए हैं



# छात्रों को मुफ्त कानूनी सेवाएं और ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी

**नंगली अकादमिक पब्लिक स्कूल, गुरदासपुर में जागरूकता सेमिनार आयोजित**

एस. के. सक्सैना



गुरदासपुर, – जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, गुरदासपुर की सचिव श्रीमती रमनीत कौर के दिशा–निर्देशों के तहत जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के पैनल वकीलों और जिला पुलिस गुरदासपुर के ट्रैफिक एजुकेशन सेल द्वारा आज नंगली अकादमिक पब्लिक स्कूल, गुरदासपुर में एक विशेष जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया।

सेमिनार के दौरान जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, गुरदासपुर के पैनलिससट वकीलों ने छात्रों को मुफ्त कानूनी सहायता और लोक अदालतों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर ट्रैफिक एजुकेशन सेल के प्रतिनिधि ए.एस.आई. अमनदीप सिंह और ए.एस.आई. संजीव कुमार ने छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें अपने वाहनों के सभी कागजात पूरे रखने चाहिए और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कोई वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहनों चलाते समय हेलमट जरूर पहनना चाहिए और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे में ड्राइविंग बिल्कुल नहीं करनी चाहिए और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि धुंध में वाहन चलाते समय और भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने पंजाब पुलिस की हेल्पलाइन नंबर 112 और साइबर क्राइम से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्रों को यह भी प्रेरित किया कि वे पतंगबाज़ी के लिए सिंथेटिक डोर (चाइना डोर) का उपयोग बिल्कुल न करें। इस मौके पर नंगली अकादमिक पब्लिक स्कूल, गुरदासपुर की प्रिंसिपल श्रीमती शिखा मदन ने इस सेमिनार का आयोजन करने के लिए जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण और ट्रैफिक एजुकेशन सेल, गुरदासपुर का धन्यवाद किया।




# डिविजनल कमिश्नर ने जिमखाना क्लब में सोलर पावर परियोजना का उद्घाटन किया

**एक नया कमरा भी लोकार्पण किया**

एस. के. सक्सैना

जालंधर, 24 दिसंबर- डिविजनल कमिश्नर प्रदीप कुमार सभरवाल, जो जालंधर जिमखाना क्लब के अध्यक्ष भी हैं, ने आज क्लब में सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया और क्लब के सदस्यों को एक नया कमरा भी समर्पित किया। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर डा.हिमांशु अग्रवाल भी मौजूद रहे। श्री सभरवाल ने कहा कि क्लब में 260 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है, जो क्लब की लगभग 80 प्रतिशत बिजली की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट 15 दिनों में पूरा हो जाएगा।

# केबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने शहरवासियों को क्रिसमस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी

एस. के. सक्सैना

जालंधर - पंजाब के केबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने क्रिसमस पर्व के शुभ अवसर पर शहर के विभिन्न चर्चों में जाकर हाजरी लगवाई तथा शहरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और प्रार्थना की कि प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाएं सभी को शांति और समृद्धि का मार्ग दिखाएं। उन्होंने आज अंकूर नरुला मिनिस्ट्री हैंड चर्च खांबरा में क्रिसमस के अवसर पर करवाए गए महान समागम में शिरकत की तथा श्रद्धालुओं से मुलाकात कर सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि आज



हर जगह उत्सव की भावना दिखाई दे रही है, क्योंकि इस खुशी के अवसर पर सभी देशवासी एक साथ नजर आ रहे हैं। इस अवसर पर अंकुर नरुला, विक्की मसीह,गौरव नरुला तथा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पंजाब सरकार द्वारा 1,000 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कर बाल और माताओं की देखभाल सुविधाओं में वृद्धि की जाएगी : डॉ. बलजीत कौर

**कहा,350 मौजूदा आंगनवाड़ी केंद्रों को किया जाएगा अपग्रेड**

**31 जनवरी 2025 तक सभी अपग्रेड किए गए आंगनवाड़ी केंद्रों को पूरा करने का लक्ष्य**

एस. के. सक्सैना



**आंगनवाड़ी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में पंजाब अग्रणीय नेतृत्व**

चंडीगढ़, 26 दिसंबर–पंजाब सरकार ने राज्य में 1,000 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कर इन केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मगनरेगा ) के तहत 1,000 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र को 12 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। इन केंद्रों में बच्चों और माताओं के लिए उपयुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सही फ्लोरिंग, पेंटिंग, प्लंबिंग, बिजलीकरण और लकड़ी का काम करवाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि निर्माण का कार्य मगनरेगा योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। एकीकृत बाल विकास योजना संसाधनों के संयोजन को सुनिश्चित करती है। उन्होंने बताया कि 53 आंगनवाड़ी केंद्र पहले ही पूरा हो चुके हैं, जिससे पंजाब में उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। मंत्री ने बताया कि नए केंद्रों के निर्माण के अलावा, पंजाब सरकार राज्य भर में मौजूदा 350 आंगनवाड़ी केंद्रों को अपग्रेड कर रही है। अपग्रेड किए गए केंद्रों में लाभार्थियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए बेहतर सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों के अपग्रेडेशन का काम तेजी से चल रहा है। सरकार का लक्ष्य 31 जनवरी 2025 तक सभी अपग्रेड किए गए आंगनवाड़ी केंद्रों को पूरा करना है, जो बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सामाजिक सुरक्षा मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आंगनवाड़ी सेवाओं को मजबूत करने के लिए इन परियोजनाओं के महत्व को बताते हुए कहा, 卐यह पहल बच्चों और माताओं के लिए पोषण और देखभाल केंद्रों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करेगी।

# जालंधर भाजपा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी का जन्म दिवस सुशासन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया

मनदीप

जालंधर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा की अगुवाई में भारत रत्न दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिवस सुशासन संकल्प दिवस के रूप में स्थानीय भाजपा कार्यालय शीतला माता मंदिर में मनाया गया ।इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित करके उन्हें याद किया गया ।इस सुशासन दिवस का मुख्य उद्देश्य अटल जी के सुशासित राज को आम जनता तक लेकर जाना था ।इसमें विशेष रूप से भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व मंत्री श्री मनोरंजन कालिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सीपीएस केडी भंडारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश बाघा,पूर्व विधायक सरबजीत सिंह मक्कड़,जिला महामंत्री अमरजीत सिंह गोल्डी,पार्षद राजीव ढींगरा,पार्षद पति भगवंत प्रभाकर और कृपाल पाली आदि उपस्थित हुए।





# शहीद उधम सिंह यूथ क्लब ने मनाई स्वतंत्रता सेनानी सरदार उधम सिंह की जयंती

## मोहिंदर भगत ने किया समागम का शुभारंभ

एस. के. सक्सैना

जालंधर–शहीद उधम सिंह यूथ क्लब (रजि) माडल हाउस, जालंधर ने स्वतंत्रता सेनानी सरदार उधम सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन माडल हाउस नजदीक बोलिना मोटर में किया गया। इस समारोह दौरान पंजाब के केबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने विशेष रूप से समारोह में पहुंच कर शहीद उधम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मोहिंदर भगत ने बताया कि गुलाम भारत में जब अंग्रेजों का अत्याचार चरम पर था। उसी काल में 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर में सरदार उधम सिंह जन्मे। यही वे क्रांतिकारी था जिसने जलियांवाला बाग नरसंहार के उत्तरदायी जनरल डायर को ब्रिटेन के लंदन में जाकर गोली मारी थी। भारत में निर्दोष लोगों की हत्या का बदला उधम सिंह ने लिया। उधम सिंह की बहादुरी काबिले तारीफ रही। जनरल डायर की हत्या के बाद भागने की कोशिश तक नहीं की। बल्कि अपनी गिरफ्तारी भी दी। अमर स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह को याद करते हुए समाजसेवियों ने कहा कि उधम सिंह का जीवन प्रेरणादायी है। नई पीढ़ी को यह जानना चाहिए कि देश की आजादी के लिए युवा क्रांतिकारियों ने कितना बलिदान किया था। क्लब के सदस्यों द्वारा शहीदों की याद में विशाल लंगर भी लगाया गया। इस अवसर पर वार्ड नं 42 के पार्षद रोमी वधवा, वार्ड नं 43 के पार्षद ओमकार राजीव टिक्का,वार्ड नं 58 के पार्षद मनीष कारलुपिया, हीरा सिंह सिंह बोलिना, मोंटू सिंह, नवीन सोनी, अमरीक सिंह मिक्का,क्लब के सदस्य तथा बड़ी संख्या में इलाका निवासी मौजूद थे।

# पंजाब विधानसभा स्पीकर संधवां द्वारा पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को उनकी 30वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 25 दिसंबर–पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने आज भारत के पूर्व राष्टपति ज्ञानी जैल सिंह की 30वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नई दिल्ली स्थित एकता स्थल, राज घाट पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम देश के इतिहास पर अमिट छाप छोड़ने वाले महान नेता को दिल से श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित किया गया था। यह उल्लेखनीय है कि ज्ञानी जैल सिंह का जन्म 5 मई 1916 को फरीदकोट के गांव संधवां में हुआ था और 25 दिसंबर 1994 को उनका निधन हो गया था। एक साधारण व्यक्ति से भारत के पहले सिख राष्टपति बनने तक उनका सफर उनके क़ौम और देश के प्रति समर्पण और सेवा का प्रतीक है।





# कैबिनेट सब-कमेटी द्वारा मुख्य मुद्दों को हल करने के लिए कर्मचारी यूनियनों के साथ बैठक

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 26 दिसंबर– वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल की शामुलियत वाली कैबिनेट सब–कमेटी ने आज यहां विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य कर्मचारियों को पेश आ रही समस्याओं पर चर्चा कर समाधान निकालना था।

बैठक में पावरकॉम सीएचबी लाइनमैन ठेका कर्मचारी यूनियन, सर्व शिक्षा अभियान मिड–डे मील कार्यालय कर्मचारी यूनियन और आदर्श स्कूल शिक्षण–गैर शिक्षण कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपनी मांगों व चिंताओं से संबंधित ज्ञापन सौंपे। यूनियन नेताओं ने कामकाज की स्थिति, नौकरी की सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर कैबिनेट सब–कमेटी के साथ विचार साझा किए। बैठक के दौरान कैबिनेट सब–कमेटी ने यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ गहन विचार–विमर्श किया। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने यूनियन प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनके कई मुद्दों पर पहले से ही विचार किया जा रहा है। उन्होंने जायज मांगों को तुरंत और प्रभावी तरीके से हल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

# पंजाब सरकार ने 2024 में जेल सुरक्षा ढांचे को मजबूत किया- लालजीत सिंह भुल्लर

**जेलों में प्रतिबंधित पदार्थ, दीवार पार करने और अनधिकृत मोबाइल उपयोग को रोकने के लिए 8 केंद्रीय जेलों में ए.आई आधारित सी.सी.टी.वी निगरानी प्रणाली स्थापित की जा रही है, छह और जेलों में विस्तार की योजना**

**केंद्रीय जेल बठिंडा में सफलतापूर्वक लागू होने के बाद 12 संवेदनशील जेलों में वी–कवच जैमर लगाने की प्रक्रिया जारी**

**शिक्षा दात परियोजना के तहत 2200 कैदियों को शैक्षिक कोर्सों में किया पंजीकृत**

**नाभा और फाजिल्का में 2 नए पेट्रोल पंप स्थापित, चालू पेट्रोल पंपों की कुल संख्या हुई आठ**

**जेल प्रशासन को मजबूत करने के लिए 738 वार्डर और 25 मैट्रन भर्ती किए गए, अतिरिक्त पदों की जल्द भर्ती की जाएगी**




**300 खतरनाक कैदियों को रखने के लिए 100 करोड़ रुपए की लागत वाली उच्च सुरक्षा जेल का निर्माण प्रगति पर**

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 27 दिसंबर–पंजाब के जेल मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने आज जेल विभाग द्वारा साल 2024 के दौरान सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और कैदियों के पुनर्वास के लिए की गई महत्वपूर्ण पहलकदमियों पर प्रकाश डाला।

# कृषि मंडीकरण के बारे में राष्ट्रीय नीति के प्रारूप में एम.एस.पी. पर स्पष्टता नहीं

## खुड्डियां द्वारा नीति के प्रारूप संबंधी आढ़तियों, शेलरों मालिकों के साथ विचार-विमर्श





एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 26 दिसंबर–पंजाब सरकार द्वारा कृषि मंडीकरण के बारे में राष्ट्रीय नीति के प्रारूप के किसी भी पक्ष को अनदेखा किए बिना इसके हर पहलू का गहराई से अध्ययन किया जा रहा है, और पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों की टीम इस प्रारूप के पिछली सोच और उद्देश्य को जानने की कोशिश कर रही है। पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन स. हरचंद सिंह बरसट और पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रदेश के आढ़तियों, राइस मिलरों के साथ इस नीति के प्रारूप पर उनके सुझावों और विचारों को जानने के लिए गहन विचार–विमर्श किया

# पंजाब रक्षा सेवाएं कल्याण विभाग की वर्ष 2024 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां

**पंजाब सरकार ने सैनिकों के बलिदानों को सम्मानित करने और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं – मोहिंदर भगत**

एस. के. सक्सैना



चंडीगढ़, 27 दिसंबर–मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, पंजाब सरकार ने वर्ष 2024 के दौरान सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत के निर्देशन में उठाए गए ये कदम राज्य सरकार की सशस्त्र बलों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मंत्री मोहिंदर भगत ने रक्षा सेवाएं कल्याण विभाग द्वारा शुरू किए गए सुधारों और नई पहलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन ब्लू स्टार से प्रभावित धर्मी सैनिकों की मासिक सहायता राशि 10,000 से बढ़ाकर 12,000 कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय प्रभावित परिवारों के लिए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रति उनकी समर्पित भावना को दर्शाता है।



# पंजाब के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री से की मुलाकात

**7000 करोड़ रुपये की आरडीएफ और एमडीएफ भुगतान को तुरंत जारी करने की मांग**

**आरडीएफ और एमडीएफ मुद्दे के तुरंत समाधान की अपील**

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़, 24 दिसंबर–ग्रामीण विकास कोष (आरडीएफ) और मार्केट डेवलपमेंट फंड (एमडीएफ) के संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए एक ठोस प्रयास के तौर पर पंजाब के उच्च–स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक्क, सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी और मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा शामिल थे।

# स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह और राज्यसभा सदस्य संत सीचेवाल ने बुढ़े दरिया और 225 एम.एल.डी. एस.टी.पी. का दौरा किया

**पेडा अधिकारियों को गोबर के उचित निपटारे के लिए बायोगैस प्लांट स्थापित करने के लिए परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश**

**नगर निगम को बायोगैस प्लांट चालू होने तक डेयरी कॉम्प्लेक्सों से गोबर उठाने के लिए प्राइवेट कंपनियों को नियुक्त करने के दिए निर्देश**

**डाईंग इंडस्ट्री के सी.ई.टी.पीज. और एस.टी.पीज. के संचालन की नियमित जांच करने के लिए भी निर्देश जारी किए गए**

**सीवरेज बोर्ड अधिकारियों को गौशाला प्वाइंट पर आई.पी.एस स्थापित होने तक उस प्वाइंट से सीवरेज के पानी को पंप करने के लिए अस्थायी प्रबंध करने के निर्देश दिए गए**

एस. के. सक्सैना

लुधियाना/चंडीगढ़, 29 दिसंबर– पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में सरकार द्वारा %बुढ़े दरिया% को साफ करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह और राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने रविवार को %बुढ़े दरिया% और 225 एम.एल.डी. जमालपुर एस.टी.पी. (ताजपुर रोड) का दौरा किया।



# पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर 5 नए पुल बनाने की अपील


एस. के. सक्सैना



चंडीगढ़, 23 दिसंबर– पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आनंदपुर साहिब हलके से विधायक हरजोत सिंह बैंस ने आज केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) के अधीन आने वाली नदियों पर 5 नए पुल बनाने की अपील की है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि श्री आनंदपुर साहिब हलके के निवासियों, विशेष तौर पर नंगल, कीरतपुर साहिब और आनंदपुर साहिब जैसे क्षेत्रों के निवासियों को जो भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, सड़क संपर्क की कमी के कारण बुनियादी ढांचे की गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

# एनसीसी कैडेटों द्वारा स्वंतन्त्रता संग्राम के सेनानियों के योगदान पर परिचर्चा

एस. के. सक्सैना



जालंधर, 26 दिसंबर–2 पंजाब एनसीसी बटालियन के तत्वाधान में डीएवी यूनिवसिटी में स्वंतन्त्रता संग्राम के सेनानी उधम सिंह के जन्म दिवस पर श्रदासुमन के साथ 90 वर्षों के संग्राम पर परिचर्चा आयोजित कराई गई। सन 1857 से 1947 तक के स्वंतन्त्रता संग्राम में समाज के सभी वर्गों ने अनेक रूपों में आहुतियां और कुर्बानी दी हैं। डी ए वी यूनिवर्सिटी और लायलपुर खालसा कालेज के एनसीसी कैडेटों ने लेक्चर और परिचर्चा प्रतियोगिताओं में भाग लिया और राष्ट की आजादी में सेनानियों के त्याग, बलिदान और विभिन्न आंदोलनों पर अपने विचार व्यक्त किये। श्री उधम सिंह के जन्म दिवस पर लाला लाजपत राय, भगत सिंह, सुखदेव थापर, बाबा गुरदीत सिंह, सोहन सिंह, करतार सिंह, मदन लाल जैसे कई अनगिनत स्वंतन्त्रता सेनानियों के जीवन और उनके राष्ट के प्रति समर्पण और बलिदान पर अपने विचार व्यक्त किये।



# पंजाब पुलिस ने जग्गू भगवानपुरीया और अमृतपाल बाठ गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर संभावित लक्ष्य हत्याओं को नाकाम किया

## पुलिस टीमों ने गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से चार हथियार, जिसमें एक ग्लॉक पिस्तौल, असला और हुंडई क्रेटा कार बरामद की

**जब्त किए गए हथियार जग्गू भगवानपुरीया ने अपने साथी के माध्यम से आपूर्ति किए थे– डीजीपी गौरव यादव**

**गिरफ्तार अपराधी अपने हैंडलर्स से संपर्क में थे ताकि लक्ष्य हत्याओं को अंजाम दिया जा सके– एसएसपी अभिमन्यू राणा**

**पंजाब पुलिस पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध**

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़/तरनतारन, 29 दिसंबर–राज्य में संगठित अपराध के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान तरनतारन पुलिस ने नामी जग्गू भगवानपुरीया और अमृतपाल बाठ गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर संभावित लक्ष्य हत्याओं को नाकाम कर दिया। उनके कब्जे से हथियारों और गोला–बारूद की एक बड़ी मात्रा बरामद की गई है।

## गुरदासपुर और बटाला में पुलिस संस्थानों पर हमला

# पंजाब पुलिस ने इन हमलों के मास्टरमाइंड समेत पाकिस्तान समर्थित बी के आई आतंकवादी मॉड्यूल के पांच सदस्य गिरफ्तार किए

## पुलिस टीमों ने 9 एमएम ग्लॉक सहित दो पिस्तौल बरामद की

एस. के. सक्सैना

चंडीगढ़/बटाला, 29 दिसंबर– पंजाब पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पाकिस्तान–आई एस आई समर्थित एक और आतंकवादी मॉड्यूल के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया, जिनमें बटाला और गुरदासपुर के पुलिस संस्थानों पर हैंड ग्रेनेड हमलों का मास्टरमाइंड अभिजोत सिंह भी शामिल है, को गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है।उल्लेखनीय है कि यह मॉड्यूल विदेश आधारित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और शमशेर उर्फ हनी द्वारा चलाया जा रहा था, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी के आ ई) द्वारा संचालित था। यह जानकारी पंजाब के निदेशक जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।





**इस मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए पंजाब पुलिस ने पुलिस संस्थानों पर हुए हमलों के सभी राज खोले– डीजीपी गौरव यादव।**

**दो आरोपियों ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की, एनकाउंटर के बाद काबू किया गया–डीजीपी पंजाब**

# पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर की पानी की बौछारें, प्रशांत किशोर पर मामला दर्ज

## एक अभ्यर्थी ने कहा, ''हमें कभी उम्मीद नहीं थी कि सरकार हमारे साथ ऐसा व्यवहार करेगी

पटना, बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 13 दिसंबर को हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना में विरोध कर रहे प्रदर्शनकाारियों को तितर–बितर करने के लिए पुलिस ने रविवार को पानी की बौछारें की और हल्का बल भी प्रयोग किया। साथ ही प्रशांत किशोर, उनकी पार्टी के अध्यक्ष समेत 600–700 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने शाम को सीएम आवास की ओर बढ़ने की कोशिश की। इसमें जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर भी शामिल थे। गांधी मैदान से जेपी गोलंबर की ओर मार्च करते हुए प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर अवरोधक लांघने की भी कोशिश की। जिलाधिकारी ने कहा, ''प्रशासन ने कल ही स्पष्ट कर दिया था कि पटना के गांधी मैदान में कोई भी प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं होगी, इसके बावजूद प्रदर्शनकारी वहां रविवार को इकट्ठा हुए। जिला पुलिस ने प्रशांत किशोर, उनकी पार्टी के अध्यक्ष मनोज भारती, शहर के शिक्षक




रामान्शु मिश्रा समेत 21 ज्ञात और 600–700 अज्ञात लोगों के खिलाफ अधिकारियों की मंजूरी के बिना गांधी मैदान में छात्रों की सभा आयोजित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।卐किशोर रविवार को अपराह्न प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और करीब एक घंटे बाद वहां से चले गए। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि वह ''निजी दौरे पर दिल्ली तो चले गए हैं, लेकिन उनके पास अपने राज्य के युवाओं के लिए समय नहीं है। किशोर ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए यह सुझाव दिया कि छात्र ''सौ–सौ की संख्या में अनशन पर बैठें ताकि कम लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़े।卐उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री के पास प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों की शिकायतों को सुनने का समय नहीं हैज्वह दिल्ली चले गए हैं। जब तक परीक्षा रद्द करने की उनकी मांग स्वीकार नहीं की जाती, तब तक अभ्यर्थियों का विरोध जारी रहेगा। मैं हमेशा प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ हूं। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को जेपी गोलंबर के पास उस समय हिरासत में लिया, जब उन्होंने जेपी गोलंबर के पास सड़क पर लेटकर यातायात अवरुद्ध कर दिया और सड़क को खाली करने से इनकार कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों को तितर–बितर करने के लिए पानी की बौछारें की गईं और हल्का बल प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा, ''सरकार युवाओं की चिंताओं के प्रति संवेदनशील रही है। राज्य के मुख्य सचिव ने बीपीएससी अभ्यर्थियों द्वारा अनुमोदित पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मिलने पर सहमति जताई है जो मुख्यमंत्री या किसी उच्च पदस्थ अधिकारी से मुलाकात करने का दबाव बना रहे हैं। लेकिन प्रदर्शनकारी पांच लोगों को नामित नहीं कर पाए हैं।

एक अभ्यर्थी ने कहा, ''हमें कभी उम्मीद नहीं थी कि सरकार हमारे साथ ऐसा व्यवहार करेगी। हम अपने अधिकार के लिए लड़ रहे हैंज्हमारा उन लोगों से कोई लेना–देना नहीं है जो अपने राजनीतिक लाभ के लिए हमारे आंदोलन का समर्थन करने यहां आ रहे हैं। पटना पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने छात्रों को भड़काने के आरोप में पटना के दो शिक्षक रामान्शु मिश्रा और रोहन आनंद को भी गिरफ्तार किया है।




# कांग्रेस ने किया निजता का सम्मान, मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन पर नहीं गए पार्टी नेता

नयी दिल्ली, कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि परिवार की निजता का सम्मान करते हुए पार्टी का कोई वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ नहीं गया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां उनके परिवार के सदस्यों ने सिख रीति–रिवाजों के अनुसार मजनू का टीला गुरुद्वारे के निकट यमुना नदी में विसर्जित कर दीं। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि इस मौके पर गांधी परिवार का कोई सदस्य और कांग्रेस का कोई बड़ा नेता नहीं पहुंचा जो शर्मनाक है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में कहा, 卐परिवार की निजता का सम्मान करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार डॉ. मनमोहन सिंह जी की अस्थियों को चुनने और विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ नहीं गए। उनके मुताबिक, दिवंगत नेता के अंतिम संस्कार के बाद सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने उनके निवास पर परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा,उनसे चर्चा करने के बाद यह महसूस किया गया कि चूंकि अंतिम संस्कार के समय परिवार को कोई निजता नहीं मिली और परिवार के कुछ सदस्य चिता स्थल पर नहीं पहुंच पाए, इसलिए उन्हें फूल चुनने और अस्थियों के विसर्जन के लिए कुछ निजता देना उचित होगा जो कि करीबी परिवार के सदस्यों के लिए भावनात्मक रूप से पीड़ादायक और कठिन होता है।

मनमोहन सिंह का गत 26 दिसंबर की रात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। वह 92 वर्ष के थे।

# लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

विदेशी पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 142.26 अंक की गिरावट के साथ 78,556.81 अंक पर आ गया।



एनएसई निफ्टी 48.35 अंक फिसलकर 23,765.05 अंक पर रहा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर सबसे अधिक गिरावट में रहे। अदाणी पोर्ट्स, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयर लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की नुकसान में रहे जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायदे में रहा अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74.22 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,323.29 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ 85.53 प्रति डॉलर पर रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की गिरावट के साथ 85.53 प्रति डॉलर पर आ गया। आयातकों की ओर से डॉलर की भारी मांग, विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिसका दबाव घरेलू मुद्रा पर पड़ा।

# खाप महापंचायत का अल्टीमेटम - डल्लेवाल से बात करे केंद्र सरकार

## कहा– सभी किसान संगठन एक होकर लड़ें तो हरियाणा की खापें साथ

नारनौंद, हरियाणा की खापों ने कहा कि यदि सभी किसान संगठन मिलकर आंदोलन को मजबूत करते हैं तो प्रदेशभर की सभी खापें उनके साथ होंगी। अलग–अलग आंदोलन में खाप साथ नहीं देगी। किसान संगठनों को एकजुट करने के उद्देश्य से रविवार को हिसार के गांव बास की अनाज मंडी में महापंचायत हुई। प्रदेश की करीब 65 खापों ने इसमें भाग लिया। सभी खापों ने कहा कि अगर सभी किसान संगठन एकजुट होकर हमारी 11 सदस्यीय खाप कमेटी को बुलाते हैं तो हम बैठक के लिए जाएंगे। इसके साथ ही कहा गया कि आमरण अनशन पर बैठे जगजीत सिंह डल्लेवाल को लेकर केंद्र सरकार ने बात नहीं की, तो 9 जनवरी को देशभर की खापों की महापंचायत उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में की जाएगी।



महापंचायत की अध्यक्षता सतरोल खाप के प्रधान दलबीर खर्व ने की और दहिया खाप के प्रधान जयपाल दहिया ने फैसला पढ़कर सुनाया। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि हम किसान संगठनों का मनमुटाव दूर करने के लिए शम्भू व खनोरी बॉर्डर पर जाकर बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि सभी किसान संगठन मिलकर आंदोलन को मजबूत करते हैं तो प्रदेशभर की सभी खापें उनके साथ होंगी। दहिया खाप के प्रधान जयपाल ने कहा कि 19 फरवरी को टीटोली में 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था, जिसका मुख्य कार्य सभी किसान संगठनों को एकजुट करना है, ताकि वह अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ सकें। भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह) के अध्यक्ष अमरजीत मोहड़ी ने कहा कि कई किसान नेताओं के चुनाव ल?ने के कारण संयुक्त किसान मोर्चे में फूट पड़ी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खापें जो भी फैसला करेंगी, वह उसके साथ हैं। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि दिल्ली में चला किसान आंदोलन स्थगित किया गया था, समाप्त नहीं। कुछ किसान नेताओं ने चुनाव लड़ना जरूरी समझा, जिसके कारण किसान यूनियनें कमजोर हुईं। पंधेर ने कहा कि अब सरकार तीनों कृषि कानूनों का रूप बदलकर दोबारा नये कानून ला रही है और कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग शुरू करने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार के इन कदमों के कारण छोटी मंडियां खत्म हो जाएंगी। किसान नेता विकास सिसर ने कहा कि हमने खेड़ी में बड़ा आंदोलन खड़ा किया था, उस तरह का आंदोलन हरियाणा में ख?ा करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि किसान संगठनों को एक करने के लिए खापों को कड़ा फैसला लेना पड़ेगा। पहलवान बजरंग पूनिया ने किसान संगठनों को एकजुट करने के प्रयास के लिए खापों का आभार जताया। उन्होंने कहा, 'सरकार का काम फूट डालने और आंदोलन तोड़ने का होता है। जिन किसान संगठनों में मनमुटाव चल रहा है, वह बैठकर बातचीत करें। अगर हमें आंदोलन जीतना है तो एकजुट होना पड़ेगा, नहीं तो सरकार हमें रोड पर घसीटती रहेगी।'